हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ

15 जुलाई 2024, समय 1810

- कौशल भारत योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड़ 46 लाख से अधिक लोगो को कौशल विकास का प्रसिक्षण दिया गया।
- हरयाणा के नागरिक उड्यन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा की अम्बाला हवाई अड्डे से उड़ाने 15 अगस्त को शुरू होगी ।
- महिला एव बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने अम्बाला में सर्वोत्तम माता पुरस्कार किये

अम्बाला शहर में बेटियों के लिए पहला आत्मरक्षा प्रसिक्षण केन्डर खोलने की "हमारी लाडो " नाम से FM चैनल शुरू करने की घोषणा की ।

- हरियाणा के चिकित्सक अपनी मांगो को लेकर दो घंटे हड़ताल पर रहे ।
- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने गन्नौर स्थित उतर हरयीणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय को मीटर रीडर एजेंसी से 5 हज़ार रुपया का जुर्माना वसूल कर उपभोक्ता के खाते में जमा करवाने का आदेश दिया।

जयंत-विश्व कौशल दिवस

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि कौशल भारत योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड 46 लाख से अधिक लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है।

आज नई दिल्ली में विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत ने विशेष रूप से बेहतर कार्य किया है। इसी उद्देश्य से दस वर्ष पहले विशेष मंत्रालय का गठन किया गया था।

उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों से सीख लेते हुए उनका मंत्रालय कुछ और समावेशी योजनाएं बनायेगा जो वर्ष 2047 में भारत को विकासित राष्ट्र बनने में योगदान कर सके। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय शांति और विकास है।

---

आईसीएआर स्थापना दिवस

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का दो दिन का स्थापना और प्रौद्योगिकी दिवस समारोह आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। पहले दिन स्कूली छात्रों को कृषि और उससे संबंधित प्रौद्योंगिकियों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों ने इस अवसर पर कृषि नवाचार पर एक प्रदर्शनी भी देखी।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल कृषि राज्य

मंत्रियों भागीरथ चौधरी और रामनाथ ठाकुर की मौजूदगी में स्थापना दिवस का आधिकारिक रूप से उद्घाटन करेंगे।

---

अम्बाला हवाई अड्डे से उड़ाने 15 अगस्त से शुरू हो जाएगी। हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने आज यह जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि आज चण्डीगढ़ में नागरिक उड्डयन, बिजली, लोक निर्माण तथा अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को 15 अगस्त से पहले पहले हवाई अड्डे में चार दीवारी , पार्किंग क्षेत्र , मुख्य भवन, हवाई अड्डे में दाखिल होने वे वाली सड़क , कैंटीन व पानी के टैंक सहित विभिन्न कार्यों को पूरा करवाने के निर्देश दिए गए है।

डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि अम्बाला हवाई अड्डे में विमान के ऊपर चढ़ने व उतरने के लिए अम्बाला वायु सेना स्टेशन की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जाएगा। इस हवाई अड्डे का लाभ हरियाणा के साथ लगते हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश के यात्रियों को भी मिलेगा।

हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने घोषणा की है कि बेटियों को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित करने हेतु प्रदेश का पहला आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अम्बाला शहर में खोला जाएगा। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास विभाग " हमारी लाडो" नाम से अपना FM चैनल शुरू करेगा जो देश में इस विभाग द्वारा अपनी ही तरह का पहला चैनल होगा।

श्री असीम गोयल आज अम्बाला में सर्वोत्तम माता पुरस्कार के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 442 सर्वोत्तम माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में पहला आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र 'मैं भी लक्ष्मीबाई' योजना के तहत अंबाला शहर के पुलिस लाइन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में खोला जाएगा।

उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में महिला सरपंचों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें महिला सरपंचों को अपने गांवों में लिंगानुपात सुधार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला की तर्ज पर राज्य के प्रत्येक जिला में "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" चौक बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही पंचकूला में भी इस चौक का निर्माण किया जाएगा।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने आज मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत जिला यमुनानगर जिले से अयोध्या धाम के लिए 26 श्रद्धालुओं से भरी वातानुकूलित बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री कंवर पाल ने कहा कि इस योजना के जरिए प्रदेश के श्रद्धालु देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन बिना किसी खर्च के कर रहे हैं यात्रियों योजना से श्रद्धालुओं की आस्था को सम्मान भी मिल रहाहै। उन्होंने कहा कि इस बस से सभी तीर्थ यात्री श्री राम लला के दर्शन करने जा रहे हैं। को एक किट भी दी गई है जिसमें पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस, पीने के लिए पानी और कॉपी व पैन उपलब्ध करवाया गया है और सरकार द्वारा उनके ठहरने, खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है।इस अवसर पर मंत्री ने अयोध्या धाम जा रहे श्रद्धालुओं से बातचीत भी की और उन्हें शुभकामनाएं दी।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक आज 9 से 11 बजे तक दो घंटा हड़ताल पर रहे। इस दौरान ओपीडी बंद रही, जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को ही बहाल रखा गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार और एसोसिएशन के बीच आपसी सहमति के बाद डॉक्टरों ने छह महीने पहले अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन आज तक मानी गई मांगें पूरी नहीं हो पाई है. जिसके चलते डॉक्टर दोबारा हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। स्पेशलिस्ट कैडर, पी जी पाठ्यक्रम के बांड में कमी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की सीधी भर्ती रोकने और केंद्र सरकार के चिकित्सकों के समान ACP भत्तों की मांग कर रहे हैं

हरियाणा सरकार ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के युद्ध शहीदों के परिवारों के लिए बनाई गई 'अनुकंपा नियुक्ति नीति, 2023 का नाम 'वीर शहीद सम्मान योजना, 2023' करने का निर्णय लिया है। सरकार ने इसके लिए इस नीति के खंड 1 (क), अनुलग्नक-क और अनुलग्नक-घ में संशोधन किया है। हरियाणा के मुख्य सचिव TVSN. प्रसाद द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने सोनीपत के गन्नौर स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय को आदेश दिए कि मीटर रीडर एजेंसी से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया जाए। आयोग ने यह जुर्माना उपभोक्ता को अधिसूचित सेवा निर्धारित समय सीमा में न देने व कार्य में देरी करने के कारण लगाया गया।

आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता नारायण सिंह की बिल रीडर द्वारा गलत मीटर रीडिंग के आधार पर गलत बिल बनाने की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई । शिकायत की जांच में पुष्टि हुई कि पिछले 6 महीनों से उनके बिल वास्तविक रीडिंग के आधार पर जारी नहीं किए गए हैं। इसके बावजूद कई शिकायतों के बाद अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तथा उनकी प्रथम व द्वितीय अपील को उप मण्डल अभियंता व कार्यकारी अभियंता ने किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिए गए संतुष्टि पत्र के आधार पर बंद कर दिया।आयोग के मुख्य आयुक्त ने कमर्शियल सहायक , उप मण्डल अभियंता व कार्यकारी अभियंता को भविष्य में ऐसी गलती न करने की नसीहत दी और आदेश दिए कि मीटर रीडर एजेंसी को दिए जाने वाली राशि बिल से 5 हजार रुपए की कटौती की जाए और यदि यह संभव नहीं है, तो कमर्शियल सहायक के वेतन से जुर्माना काट कर अपीलकर्ता के खाते में बतौर मुआवजा जमा करवाया जाए।

हरियाणा पुलिस द्वारा 12 से 14 जुलाई तक 45 वीं हरियाणा पुलिस खेलों का आयोजन करनाल के मधुबन प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद पुलिस की ओर से खेले मुख्य सिपाही बलजीत , सिपाही परमजीत और रंगरूट सौरभ ने पदक हासिल किए । ।प्रतियोगिता में 125 किलोग्राम भार वर्ग में मुख्य सिपाही बलजीत ने ग्रेको रोमन कुश्ती में स्वर्ण पदक और फ्री स्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता। सिपाही परमजीत ने मुक्केबाजी में 60

किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। सिपाही सौरभ ने कुश्ती में 67 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सभी पुलिस खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी है।

..........................................................................